रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/97 REGISTERED NO. DL—33001/97

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 13 ] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 29, 1997 (चैत्र 8, 1919)
No. 13] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 29, 1997 (CHAITRA 8, 1919)

**(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके**
**(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)**

## विषय-सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं | 317 |
| भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं | 309 |
| भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं | 3 |
| भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं | 481 |
| भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम | * |
| भाग II—खण्ड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ | * |
| भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट | * |
| भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए साधारण सांविधिक नियम (जिसमें सारांश स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं) | * |
| भाग II—खण्ड 3—उप खण्ड (ii) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं | * |
| भाग II—खण्ड 3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपलब्धियां भी शामिल हैं) के हिन्दी अधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं) | * |
| भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश | * |
| भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं | 247 |
| भाग III—खण्ड 2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस | 643 |
| भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं | — |
| भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं। | 943 |
| भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस | 49 |
| भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को बताने वाला अनुपूरक | * |


*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

# CONTENTS


PAGE

PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court . . . . . 317

PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court . . . . . 309

PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . . . 3

PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence . . . . . 481

PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations . . . . . *

PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi language of Acts, Ordinances and Regulations . . . . . *

PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . . . . *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) *

PAGE

PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, Published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories) . *

PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence . *

PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India . 247

PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs . . . . . 643

PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners . . . . . —

PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies . . . . . 943

PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies . 49

PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi *


*Files not received

# भाग I—खण्ड 1

# [PART I—SECTION 1]

## (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

## [Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

---

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 25 मार्च 1997

सं. 24-प्रेज/97 राष्ट्रपति/97—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्ति को ''सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक'' पुरस्कार प्रदान किए जाने का अनुमोदन करते हैं :

1. कु. शैली खन्ना,
मार्फत श्रीमती शोभा खन्ना,
एल.आई.जी. फ्लैट सं. 61-ख,
रक्कार कालोनी, ऊना-174303
हिमाचल प्रदेश ।

दिनांक 7-6-95 को श्री गोपाल खन्ना के घर में आग लग गयी थी । परिवार के सदस्य अपनी जान बचाने के लिए बाहर दौड़ आए थे । यह पता लगने पर कि उनका डेढ़ वर्ष का पुत्र मास्टर रिशव अन्दर रह गया है, वे सहायता के लिए चिल्लाये । इस स्थिति में उस परिवार से मिलने आयी और अन्य लोगों के साथ घर से बाहर आ चुकी कु. शैली खन्ना घर में घुसी लेकिन कमरे में धुंआ होने के कारण बालक को ढूंढने में असफल होकर बाहर चली आयी । जब श्रीमती खन्ना ने देखा कि कु. शैली मास्टर रिशव के बिना ही बाहर आ गई है तो वे सहायता के लिए चिल्लाने लगी । कु. शैली मां के दुख को बर्दास्त न कर सकी और उसने दूसरा प्रयास किया और बेहोश बालक को ढूंढने में सफल रही और उसे सुरक्षित बाहर ले आयी । इस कार्य में वह थक गयी और बेहोश होकर नीचे गिर गयी । उस जगह लोग एकत्र हो गये और उसे चेतनावस्था में लाया गया ।

2. कु. शैली ने अपनी जान के प्रति खतरे की परवाह न करते हुए बालक की जिन्दगी बचाने में अद्भुत साहस, तत्परता और दया दिखायी ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 25-प्रेज/97 राष्ट्रपति/97—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को ''उत्तम जीवन रक्षा पदक'' पुरस्कार प्रदान किए जाने का अनुमोदन करते हैं :

1. श्री अशोक ग्यानाबापुरी,
मार्फत श्री बाबूराव ग्यानोबा गिरि,
कोले नगर, कोयाना सब-स्टेशन के सामने,
लातूर, तालुका एवं जिला-लातूर,
महाराष्ट्र ।

दिनांक 24-5-94 की रात्रि को सेक्शनल इंजीनियर श्री अशोक ग्यानाबापुरी तीन अन्य लोगों के साथ जयाकवाड़ी परि-योजना की नहर के पानी को नियंत्रित करने के लिए जीप में यात्रा कर रहे थे । वह सड़क बहुत संकरी थी और उस पर केवल पैदल ही आया-जाया जाता था । उस पर वाहन नहीं चलते थे । सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण, सड़क पर ढेले और गड्ढे थे, जिसके कारण जीप फिसलकर तेजी से नहर में गिर गयी । उसने दो बार पलटा खाया । जीप में बैठे लोगों के डूबने की आशंका थी । ऐसी नाजुक स्थिति में, श्री ए. जी. पुरी जीप से बाहर निकलने में सफल हो गए । उनके सिर (खोपड़ी) में चोट लगी थी और काफी खून बह रहा था । इसके बावजूद वह बचाव कार्य में लग गये और उन्होंने अकेले ही जीप में फंसे सभी तीनों लोगों को बचा लिया । चूंकि तीनों लोगों को तैरना नहीं आता था और भयवश उनकी मानसिक हालत ठीक नहीं थी, अतः श्री पुरी को उनको सुरक्षित बचाना कठिन लगा । नहर के पास काई जमी हुई थी । उन्होंने 1"×2.5" आकार के चार बड़े रूमाल लिये (जिन्हें महाराष्ट्र में ''बागायेस्कर'' कहा जाता है) और उनको आपस में बांध लिया । इन रूमालों से बनाई गई रस्सी की सहायता से सभी तीनों लोग श्री पुरी के दाहिने पैर को पकड़कर सुरक्षित बाहर आ गये ।

2. श्री अशोक ग्यानाबापुरी ने अपनी जान के प्रति खतरे की परवाह न करते हुए सभी तीनों लोगों की जान बचाकर अद्-भुत सूझबूझ, साहस और तत्परता दिखायी ।

2. जी. एस. 121155×चार्ज (मरणोपरान्त)
मैकेनिक, बलजीत सिंह कांग,
गली नं. 2,
दशमेश नगर बरनाला रोड,
धूरी, डाकघर-धूरी,
जिला संगरूर, पंजाब,
पिन-148024

18 अप्रैल, 96 को, जी. एस. 12115 × चार्ज मैकेनिक बलजीत कांग को पसाखा मानितार रोड के पास लगे 0 किलोमीटर पर जल पम्प की मरम्मत के लिए तैनात किया गया था मरम्मत कार्य समाप्त करने के पश्चात् उसने मजदूरों की मदद से पम्प को एक वाहन में रखा ताकि वह इसे दूसरे निर्माण कार्य स्थल पर ले जा सके। वाहन में मजदूर भी बैठ गए। जब वाहन पसाखा में वैली पुल से गुजर रहा था तो चार्ज मैकेनिक बलजीत सिंह कांग ने देखा कि वाटर पम्प का एक्सहास्ट पाइप पुल से गुजरने वाली सैगिंग ओवर हैड हाई टेंशन इलेक्ट्रिक सप्लाई लाइन को छूने वाला है। वे वाहन की ओर दौड़े और उन्होंने गंभीर खतरे की अनदेखी करके इसको रोक दिया, जिससे वाहन में बैठे लोगों में खलबली नहीं मची। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किये बिना चार्ज मैकेनिक श्री बलजीत सिंह कांग द्वारा समय पर सूझबूझ दिखाने से न केवल 4 मजदूरों की जान बच गई और चालक को बिजली का झटका नहीं लगा, बल्कि मंहगे उपस्कर/वाहन को भी अपूर्णीय क्षति होने से बच गई। दुर्भाग्यवश इस कार्य में चार्ज मैकेनिक बलजीत सिंह कांग को ही बिजली का करंट लग गया।

2. जी. एस.-121155 × चार्ज मैकेनिक बलजीत सिंह कांग ने अपने को खतरनाक स्थिति में डालकर अपने साथियों की जान बचाने में अपने जीवन का बलिदान करके साहस, बहादुरी और सूझ-बूझ का परिचय दिया।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

---

सं. 26-प्रेज/97 राष्ट्रपति/97—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को "जीवन रक्षा पदक" पुरस्कार प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. श्री विक्रम गौतम,
सुपुत्र श्री प्रदीप सिंह गौतम,
कोठी नं. 1/सेक्टर 14,
सोनीपत-131001,
हरियाणा।

13-1-1995 को प्रातः लगभग 8.15 बजे पांच बदमाशों ने शम्भू दयाल माडर्न स्कूल, सोनीपत के 12वीं कक्षा के एक छात्र, श्री हरीश कुमार कौशिक पर हमला बोल दिया। उसका सहपाठी, श्री विक्रम गौतम उस रास्ते से गुजर रहा था। वह हरीश कुमार की मदद के लिए दौड़ा तथा उन बदमाशों से उसे बचाने में सफल हो गया। बदमाशों के साथ संघर्ष में, श्री गौतम की पीठ, बाजू तथा सिर पर चाकू के घाव लगे। अपने घावों की परवाह किए बिना वह बुरी तरह से घायल हरीश को सर्जरी सहित समयोचित चिकित्सा सहायता के लिए अस्पताल ले गया। यदि उसने समय पर हस्तक्षेप न किया होता तो हरीश कुमार की चाकू के घावों के कारण मृत्यु हो गई होती। बाद में अपराधियों की शिनाख्त कर ली गई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया तथा उनके विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज किया गया।

2. श्री विक्रम गौतम ने अपनी जान की परवाह न करते हुए, अपने सहपाठी की जान बचाने में साहस तथा तत्परता का परिचय दिया।

2. श्री रवीन्द्र ढलता,
गांव मतासा, डाकखाना झरोग,
तहसील जुब्बल, जिला शिमला,
हिमाचल प्रदेश।

सरस्वती नगर में पब्बर नदी पर एक झूला पुल था जो 1995 में क्षति ग्रस्त हो गया था। अतः सरकार ने एक 75 मीटर लम्बे तथा 50 मीटर ऊंचे लटकने वाले पुल का निर्माण किया, ताकि लोग नदी की दूसरी ओर जा सकें।

2. 5-2-1996 को श्री महेन्द्र जिन्टा, पर्यवेक्षक, हिमाचल प्रदेश, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम, लटकने वाले पुल से पब्बर नदी पार करते समय अकस्मात नदी में गिर गए। यद्यपि उस समय जल की गहराई लगभग केवल 3 से 4 फीट थी, फिर भी जल का प्रवाह इतना तेज था कि वह श्री महेन्द्र जिन्टा को उनके गिरने के स्थान से 5 से 6 मीटर दूर तक बहा ले गया। सार्वजनिक वितरण सहायक, झागटन, श्री रवीन्द्र ढलता भी उस समय पुल पार कर रहे थे। श्री रवीन्द्र ढलता तुरन्त नदी में कूद पड़े तथा श्री महेन्द्र जिन्टा को सुरक्षित बचा लाए। इस प्रक्रिया में श्री रवीन्द्र ढलता को कुछ चोटें आयीं।

3. स्वयं को चोटें पहुंचाने के जोखिम पर श्री महेन्द्र जिन्टा की जान बचाने में श्री रवीन्द्र ढलता ने साहस व तत्परता का परिचय दिया।

3. कुमारी डी. आर. श्री गौरी,
सुपुत्री डा. डी. ए. रूद्रप्पा,
वरिष्ठ विशेषज्ञ,
द्वारा सं. 117 (32),
सी. जी. अस्पताल क्वार्टर्स,
दवेनगिरि-577 004

16-10-1995 को रात्रि के लगभग 9.25 बजे दवेनगिरि अस्पताल क्वार्टर में रहने वाला श्री सैमसन (24 वर्ष) अपने मकान की छत पर चढ़ गया तथा बेरोजगारी की समस्या के कारण

आत्महत्या करने के इरादे से भूमि से 30 मीटर ऊंची पास के पेड़ की डाल से लटककर स्वयं को फांसी लगा ली । उसकी मां की चिल्लाने की आवाजें सुनकर बहुत से लोग घटनास्थल पर इकट्ठे हो गए, परन्तु किसी ने भी उसकी जान बचाने की कोशिश नहीं की । इस विकट घड़ी में कोई श्री कुमार स्वामी तथा उसकी बहन कुमारी श्री गौरी एक टार्च लेकर दौड़ते हुए आए । श्री कुमार स्वामी श्री सैमसन के मकान के प्रथम तल के निकट पेड़ पर चढ़ गए तथा एक हंसिए की सहायता से रस्सी को काट दिया । भूमि पर खड़ी कुमारी श्री गौरी ने बड़े साहस के साथ अपनी पूरी ताकत लगाकर श्री सैमसन को जमीन पर गिरने से रोकने के लिए उसे पकड़ लिया । श्री कुमार स्वामी तेजी के साथ पेड़ से उतरे तथा श्री सैमसन की गले की रस्सी को काट दिया, जो कि बहुत कसी हुई थी । सैमसन के हृदय की गति बाधित हो गयी थी । इस आपात स्थिति को समझते हुए कुमारी श्री गौरी ने बाहर से हृदय मसलना शुरू कर दिया तथा श्री कुमार स्वामी ने मुख से मुख लगाकर कृत्रिम सांस देनी शुरू कर दी । लगभग 15 मिनट के सतत प्रयास के बाद श्री सैमसन के हृदय ने सांस लेने का काम पुनः शुरू कर दिया ।

2. निश्चित मौत के मुंह से एक व्यक्ति की जान बचाने में कुमार डी. आर. श्री गौरी ने एक अनुकरणीय पहल, तत्परता और साहस का परिचय दिया ।

4. श्री विश्राम सुब्रे नायक,
माधवाड़ा, कोरवाड़ी गांव,
करवर तालुक,
उत्तर कन्नड जिला,
कर्नाटक ।

20-5-1996 को 21 व्यक्ति कोरवाड़ी से उलगा जाने के लिए एक देशी नाव में बैठकर काली नदी पार कर रहे थे । जब नाव नदी तट से लगभग 10 से 15 फुट की दूरी पर थी तब यह अपने ही भार से उलट गयी तथा सभी यात्री नदी में गिर गए । वहां नदी की गहराई लगभग 25 फुट थी । इसे देखकर श्री विश्राम सुब्रे नायक, जो नदी तट पर ईंधन लकड़ी काट रहा था, घटना स्थल पर दौड़कर आया । वह नदी में कूद पड़ा और एक-एक करके सात व्यक्तियों को डूबने से बचा लिया । सात व्यक्तियों की डूबने से मृत्यु हो गई तथा शेष सात व्यक्ति अपने-आप तैरकर सुरक्षित बच गए ।

2. अपनी जान को जोखिम की परवाह न करते हुए काली नदी में डूबने से सात व्यक्तियों की जान बचाने में श्री विश्राम सुब्रे नायक ने साहस एवं तत्परता का परिचय किया ।

5. श्री रतनाज बाबू अगवाने,
सं. 547, 13वां क्रास, 5वीं,
मेन डालर्स कालोनी,
आर. एम. बी. एक्सटेन्शन,
बेल रोड,
बंगलौर ।

24-5-1994 को कर्नाटक के तत्कालीन मुख्यमंत्री, श्री एम. वीरप्पा मोइली एक उलट गई नाव के पीड़ितों को तत्काल राहत प्रदान करने के लिए तुंग-भद्रा नदी के तट पर बसे सिंह तालूर गांव का दौरा कर रहे थे । उपायुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री रतनाज बाबू अगवाने, पुलिस अधीक्षक, भूतपूर्व मंत्री, श्री शम्भूनाथ और विडियो फोटोग्राफर श्री कदली कोप्पा मुख्यमंत्री की नाव के पीछे-पीछे जा रहे थे । अचानक उनकी नाव 25 फुट गहरे पानी में उलट गयी, जिससे उनका जीवन खतरे में पड़ गया । पुलिस अधीक्षक तैर कर सुरक्षित बच गए श्री रतनाज बाबू अगवाने भी तैरना जानते थे । तथापि, श्री शम्भूनाथ और श्री कदली कोप्पा तैरना नहीं जानते थे । श्री अगवाने ने सर्वश्री शम्भूनाथ और कदली कोप्पा को जीवन के लिए संघर्ष करते देखा । वे उनकी जान बचाने के लिए तत्काल हरकत में आ गए । विडियो फोटोग्राफर अत्यन्त आतंकित था और उसने तैरने का कोई प्रयास नहीं किया । इसके बजाय उसने श्री अगवाने को पानी में खींचना शुरू कर दिया । अतः उसे बचाया नहीं जा सका और दुर्भाग्यवश वह डूब गया । तथापि, श्री अगवाने भूतपूर्व मन्त्री, श्री शम्भूनाथ को खींचकर किनारे की ओर लाकर उनकी जान बचाने में सफल हो गए । अन्ततः श्री शम्भूनाथ को एक अन्य छोटी नाव की सहायता से लोगों के द्वारा नदी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया । इस प्रक्रिया में श्री अगवाने सात मिनट से अधिक समय तक 25 फीट गहरी और लगभग 300 फीट चौड़ी नदी में रहे ।

2. श्री रतनाज बाबू अगवाने ने अपनी जान की जोखिम की परवाह न करते हुए श्री शम्भूनाथ की जान बचाने में साहस एवं तत्परता का परिचय दिया ।

6. श्री डी. आर. कुमार स्वामी,
सुपुत्र डा. डी. ए. रुद्रप्पा,
वरिष्ठ विशेषज्ञ,
क्वार्ट. सं. 117 (32),
सी. जी. अस्पताल क्वार्टर्स,
दवेनगिरि-577 004 ।

16-10-1995 को रात्रि के लगभग 9.25 बजे दवेनगिरि अस्पताल क्वार्टर्स में रहने वाला, श्री सैमसन (24 वर्ष) अपने मकान की छत पर चढ़ गया तथा बेरोजगारी की समस्या के कारण आत्महत्या करने के इरादे से भूमि से 30 मीटर ऊंची पास के पेड़ की डाल से लटककर स्वयं को फांसी लगा ली । उसकी मां की चिल्लाने की आवाजें सुनकर बहुत से लोग घटनास्थल पर इकट्ठे हो गए, परन्तु किसी ने भी उसकी जान बचाने की कोशिश नहीं की । इस विकट घड़ी में कोई श्री कुमार स्वामी तथा उसकी बहन कुमारी श्री गौरी एक टार्च लेकर दौड़ते हुए आए । श्री कुमार स्वामी श्री सैमसन के मकान के प्रथम तल के निकट पेड़ पर चढ़ गए तथा एक हंसिए की सहायता से रस्सी को काट दिया । भूमि पर खड़ी कुमारी श्री गौरी ने बड़े साहस के साथ अपनी पूरी ताकत लगाकर श्री सैमसन को जमीन पर गिरने से रोकने के लिए

उसे पकड़ लिया । श्री कुमार स्वामी तेजी के साथ पेड़ से उतरे तथा श्री सैमसन की गले की रस्सी को काट दिया, जो कि बहुत कसी हुई थी । सैमसन के हृदय की गति बाधित हो गयी थी । इस आपात स्थिति को समझते हुए कुमारी श्री गौरी ने बाहर से हृदय मसलना शुरू कर दिया तथा श्री कुमार स्वामी ने मुख से मुख लगाकर कृत्रिम सांस देनी शुरू कर दी । लगभग 15 मिनट के सतत प्रयास के बाद श्री सैमसन के हृदय ने सांस लेने का काम पुन: शुरू कर दिया ।

2. निश्चित मौत के मुंह से किसी व्यक्ति की जान बचाने में श्री डी. आर. कुमार स्वामी ने अनुकरणीय पहल एवं तत्परता का परिचय दिया ।

7. श्री अनीष,
कनियन कन्डियल,
कीझूर देसम, डाकखाना किलूर,
पय्योली, कोजीकोड जिला,
केरल ।

9-6-1955 को प्रात: लगभग 8.00 बजे दो बच्चों सहित पांच व्यक्ति एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए मनीयर गांव जाने के लिए एक देशी नाव में "कुट्टीयादि पुझा" नदी को पार कर रहे थे । जब उनकी नाव पय्योली गांव के निकट नदी के "मूझीकल कादव" स्थान पर नदी के किनारे से लगभग 20 मीटर की दूरी पर थी तभी यह उलट गयी तथा सभी पांच यात्री नदी में गिर गए । दुर्घटनास्थल पर नदी की गहराई लगभग 7 से 8 मीटर थी । इस घटना को देखकर नदी के तट पर खड़े श्री अनीष और श्री श्रीधरण नदी में कूद पड़े और तैरकर दुर्घटनास्थल तक पहुंचे तथा एक-एक करके सभी पांच व्यक्तियों को सुरक्षित बचा लिया ।

2. अपनी जान को जोखिम की परवाह न करते हुए "कुट्टीयादि पुझा" नदी में डूबने से पांच व्यक्तियों की जान बचाने में श्री अनीष ने साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

8. श्री एम. आर. बीजू,
मडाथिल हाउस,
कुडयाथूर डाकखाना,
कोलापरा-685 590,
जिला इडुक्की,
केरल ।

30-5-96 को प्रात: 9.00 बजे मास्टर अजिल (12 वर्ष) मलनकरा बांध के एम्पाझा काडवू में अपनी मां के साथ स्नान करते समय अचानक फिसल गया तथा पानी में गिर पड़ा । उस समय पानी की गहराई 6 मीटर थी । अपने पुत्र को डूबता देखकर मां मदद के लिए चिल्लाई । उसकी चीखें सुनकर लोग दुर्घटनास्थल की ओर दौड़े, परन्तु कोई भी व्यक्ति डूबते हुए बच्चे को बचाने के लिए बांध में कूदने का जोखिम उठाने का साहस न जुटा पाया । इस संकट की घड़ी में उसी गांव का श्री बीजू मदद के लिए आगे आया और पानी में कूद पड़ा तथा बच्चे को सुरक्षित बचा लाया ।

2. श्री एम. आर. बीजू ने अपनी स्वयं की जान को जोखिम की परवाह न करते हुए डूबने से एक बच्चे की जान बचाने में साहस व तत्परता का परिचय दिया ।

9. मास्टर प्रजेश,
सुपुत्र श्री नानू,
कनलोम्मल हाउस,
कयाकोड़ी (डाकखाना),
कयाकोड़ी, कोजीकोड़ जिला,
केरल ।

16-6-1994 को सायं 4 से 5 बजे के बीच कुमारी आयशा (6 वर्ष) अपने स्कूल से लौटते समय फिसल गई तथा एक नहर में गिर गई । 4 मीटर गहरी नहर तेज रफ्तार से बह रहे पानी से भरी हुई थी । जल की तेज धार उसे लगभग 70 मीटर दूर बहा ले गई । यह देखकर मास्टर प्रजेश (15 वर्ष) अपने स्वयं की जान की परवाह किए बिना नहर में कूद पड़ा तथा कुमारी आयशा को सुरक्षित बचा लाया ।

2. अपनी कम उम्र के बावजूद मास्टर प्रजेश ने साहस व तत्परता का परिचय दिया तथा नहर में डूबने से एक लड़की की जान बचा ली ।

10. श्री राजन, (मरणोपरान्त)
सुपुत्र श्री सेबास्टियन,
पप्पाली वीडू,
अर्शाकापुरम, अलूवा,
एर्नाकुलम जिला, केरल ।

2-8-1995 को अंकामली से कलाड़ी जा रही एक यात्री बस एक दूसरे वाहन को साइड देते समय एक दलदली धान के खेत में उलट गई । बस यात्रियों से भरी हुई थी जिनमें अधिकतर स्कूल के बच्चे थे । श्री राजन द्वारपाल (डोर कीपर) जो दुर्घटना के समय आगे के दरवाजे पर खड़ा हुआ था, बस उलटने से पूर्व आसानी से बाहर कूदकर सुरक्षित बच सकता था परन्तु उसने अपने दोनों हाथ दरवाजे में अड़ा लिए और स्कूल के बच्चों को बस से दलदली खेत में गिरने से रोक लिया और इस प्रकार उनकी जान बचा ली । जब बस उलटी थी तब श्री राजन दलदली जमीन से टकरा गया था तथा दूसरे यात्री उसके ऊपर गिर गए थे । श्री राजन की एक्सफीजिया के कारण मृत्यु हो गई ।

2. श्री राजन ने युवा बच्चों की जान बचाने में असाधारण साहस और तत्परता का परिचय दिया और इस कार्य में अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया ।

11. श्री श्रीधरन,
कलारीकान्डी हाउस,
कीझर देसम, डाकखाना किल्लूर,
पैय्योली, कोजीकोड जिला,
केरल ।

9-6-1995 को प्रातः लगभग 8.00 बजे दो बच्चों सहित पांच व्यक्ति एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए मनीयूर गांव आने के लिए एक देशी नाव में "कुट्टीयादि पुझा" नदी को पार कर रहे थे । जब उनकी नाव पयुयोली गांव के निकट नदी के "मूझीकल कावद" स्थान पर नदी के किनारे से लगभग 20 मीटर की दूरी पर थी तभी यह उलट गयी तथा सभी पांच यात्री नदी में गिर गए । दुर्घटनास्थल पर नदी की गहराई लगभग 7 से 8 मीटर थी । इस घटना को देखकर नदी के तट पर खड़े श्री अनीश और श्री श्रीधरण नदी में कूद पड़े और तैर कर दुर्घटनास्थल तक पहुंचे तथा एक-एक करके सभी पांच व्यक्तियों को सुरक्षित बचा लिया ।

2. श्री श्रीधरन ने अपनी जान की परवाह न करते हुए पांच व्यक्तियों की जान "कुट्टीयादि पुझा" नदी में डूबने से बचाकर साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

12. श्री एम. के. सुरेश लाल,
मुरिगलाथू हाउस,
गोल्डन स्ट्रीट,
वाडुथला डाकखाना,
कोच्ची-23, एर्नाकुलम जिला,
केरल ।

दिनांक 5-12-1995 को रात के लगभग 8.30 बजे जल परिवहन विभाग की यात्री नौका में लश्कर के रूप में कार्य कर रहे सर्व श्री एम. के. सुरेश लाल और वी. एम. उम्मेर ने देखा कि एक मारूति कार जिसमें तीन व्यक्ति सवार थे, पानी में गिर पड़ी । कार से बाहर निकलने में असमर्थ श्रीमती नैनसी जाय और उनके पांच वर्षीय पुत्र ने कार की खिड़की से सिर बाहर निकाला और सहायता के लिए चिल्लाए । उनकी चिल्लाने की आवाज सुनकर श्री एम. के. सुरेशलाल और श्री वी. एम. उम्मेर अपनी नाव उस अभागी कार के पास लाए और पानी में कूद गए तथा पानी के तेज बहाव के बावजूद सभी तीनों व्यक्तियों को एक-एक कर बाहर निकाल लाए ।

2. श्री एम. के. सुरेशलाल ने अपनी जान की परवाह न करते हुए कार में फंसे तीन व्यक्तियों की जान बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

13. श्री उदय कुमार मनपोइल,
मनपोइल हाउस,
चेलोरा ग्राम, डाकखाना कपड़,
कन्नूर ताल्लुका, कन्नूर जिला,
केरल-678006 ।

दिनांक 6-8-1995 को हाईस्कूल के तीन विद्यार्थी, सर्वश्री उलाम, विनोद और सुथ्थार स्नान करने के लिए पयुयगुथालम समुद्र तट पर गए थे । वे उफनते समुद्र को पार नहीं कर पाए और जीवन के लिए संघर्ष कर रहे थे । घटनास्थल पर उपस्थित मछुआरों सहित किसी भी व्यक्ति ने लड़कों को बचाने की कोशिश करने का साहस नहीं किया । यह देखकर समुद्र तट पर खड़े व्यक्तियों में से श्री उदय कुमार मनपोइल, अन्य व्यक्तियों द्वारा जान को खतरे की चेतावनी दिए जाने के बावजूद, तूफानी समुद्र में कूद पड़े । वे दो विद्यार्थियों (सर्व श्री सलाम और विनोद) की जान बचाने में सफल हो गए । दुर्भाग्यवश, इस बीच तीसरे विद्यार्थी (श्री सथ्थार) की डूब जाने से मृत्यु हो गई।

2. श्री उदय कुमार ने अपनी जान की परवाह न करते हुए दो लड़कों को डूबने से बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

14. श्री वी. एम. उम्मेर,
नौका लश्कर सं. सी.सी. 4069,
केरल राज्य जल परिवहन विभाग,
क्षेत्रीय कार्यालय,
एर्नाकुलम, केरल ।

दिनांक 5-12-1995 को रात के लगभग 8.30 बजे, जल परिवहन विभाग की यात्री नौका में लश्कर के रूप में कार्य कर रहे सर्व श्री वी. एम. उम्मेर और एम. के. सुरेश लाल ने देखा कि एक मारूति कार जिसमें तीन व्यक्ति सवार थे, पानी में गिर पड़ी । कार से बाहर निकलने में असमर्थ श्रीमती नैनसी जाय और उसके पांच वर्षीय पुत्र ने कार की खिड़की से सिर बाहर निकाला और सहायता के लिए चिल्लाए । उनकी चिल्लाने की आवाज सुनकर सर्व श्री वी. एम. उम्मेर और एम. के. सुरेश लाल अपनी नाव उस अभागी कार के पास लाए और पानी में कूद गए तथा पानी के तेज बहाव के बावजूद सभी तीनों व्यक्तियों को एक-एक कर बाहर निकाल लाए ।

2. श्री वी. एम. उम्मेर ने अपनी जान की परवाह न करते हुए कार में फंसे तीन व्यक्तियों की जान बचाने में सहास और तत्परता का परिचय दिया ।

15. श्री विजयन वी.,
चिराङलवीड,
थथामन्ना, नूरानाड डाकखाना,
म्लोवीक्करा,
अलप्पुझा जिला,
केरल-690504 ।

दिनांक 3-11-1995 को लगभग 2 बजे (अपराह्न) सी. बी. एम. हाई स्कूल, नूरानाड, अलप्पुझा जिला का कक्षा-5 का विद्यार्थी मास्टर संतोष कुमार पी. स्कूल के पास लगभग 27 फुट गहरे खुले कुएं में गिर पड़ा । पड़ोसी और विद्यार्थी घटना-स्थल पर एकत्रित हो गए परन्तु कोई भी लड़के को डूबने से बचाने के लिए आगे नहीं आया । ऐसे मौके पर उसी स्कूल का विद्यार्थी श्री विजयन वी. (18 वर्ष) कुएं में उतरा और मास्टर संतोष कुमार की जान बचाई ।

2. श्री विजयन थी. ने अपनी जान की गंभीर खतरे की परवाह न करते हुए एक लड़के को डूबने से बचाकर अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

16. श्री रफीक,
पुत्र श्री ओ. पी. बावाकंजु,
धड्डल पराइडम,
सनाथनम वार्ड,
अलप्पुझा,
केरल ।

दिनांक 7-2-1996 को दोपहर लगभग 12 बजे, ए. आर. कैम्प, अलपुझा के पास आंगनवाड़ी में एक शैड में आग लग गई । घटना के समय शैड में 5 वर्ष से कम आयु के 13 बच्चे और एक अध्यापक थे । अचानक आग सारे शैड में फैल गई । अध्यापक और बच्चे सहायता के लिए चिल्लाए । उनकी चिल्लाने को आवाज सुनकर, ए. आर. कैम्प के पी. सी. 3806, श्री रफीक सहायता के लिए दौड़े और वह बचाव कार्य में लग गए और उन्हें सुरक्षित बाहर लाने में सफल हो गए । जलते हुए शैड में पीछे छूट गए दो बच्चों की चीख सुनकर वह पुनः शैड में गए और उन्हें तेजी से सुरक्षित बाहर निकाल लाए ।

2. श्री रफीक ने अपनी जान की खतरे की परवाह न करते हुए आग में फंसे 13 बच्चों की जान बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

17. कुमारी किरण गुज्जर,
मकान नं. 12/21/1,
सुल्तानिया इन्फैन्ट्री लाइन्स,
भोपाल,
मध्य प्रदेश ।

दिनांक 15-7-1992 को सायं 5-6 बजे के बीच, कुमारी किरण गुज्जर (4½ वर्ष) अपने भाई मास्टर गौरव (2½ वर्ष) के मिट्टी में सने पैरों के लिए उसे पानी की टैंक के पास ले गई। अचानक बच्चा फिसल कर टैंक में गिर गया । इस घटना के समय पानी के टैंक में 3½ फुट पानी था । वह बच्चा डूबने लगा और केवल उसके कपड़े दिखाई दे रहे थे । यह देखकर, कुमारी किरण गुज्जर ने उसके तैरते कपड़े मजबूती से पकड़ लिए और उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया ।

2. इतनी कम आयु की होते हुए भी कुमारी किरण गुज्जर ने अपनी जान की गंभीर खतरे की परवाह न करते हुए अपने भाई की जान बचाने में उत्कृष्ट साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

18. श्री अब्दुल वहीद खां,
ड्राईवर,
मध्य प्रदेश राज्य,
परिवहन निगम,
सब-डिपो पढुरना,
जिला छिंदवाड़ा,
मध्य प्रदेश ।

जैम नदी के किनारे पर बसे पढुरना शहर में, प्रत्येक वर्ष पोला त्यौहार के बाद "गोटमार मेला" आयोजित किया जाता है। नदी के प्रत्येक ओर से व्यक्ति नदी के दूसरी ओर के व्यक्तियों पर पत्थर फेंकते हैं, ऐसा करना पारम्परिक समारोहों का एक भाग है जो "गोटमार मेला" के नाम से जाना जाता है । चूंकि पोला त्यौहार अगस्त के अंतिम सप्ताह में या सितम्बर के पहले सप्ताह में पड़ता है, इसलिए मानसून की वर्षा के कारण जैम नदी में आमतौर पर बाढ़ आई होती है इसलिए हमेशा यह संभावना बनी रहती है कि अचानक कोई डूब न जाए । इस त्यौहार के ऐतिहासिक और पारम्परिक महत्व के कारण "गोटमार मेला" में भाग लेने के लिए इस स्थान पर लोगों की भीड़ लग जाती है। वर्ष 1994 में गोटमार मेला 6-9-1994 को मनाया गया था । उस दिन नदी में बाढ़ आई हुई थी । "गोटमार" में भाग ले रहे व्यक्तियों द्वारा फेंके गए पत्थरों से घायल दो दर्शक अचानक नदी में गिर पड़े और तेजी से बह रही नदी में बहे जा रहे थे । यह देखकर, मेला देखने आए श्री अब्दुल वहीद खां नदी में कूद पड़े और उन्हें बचा लिया ।

2. श्री अब्दुल वहीद खां ने दो व्यक्तियों की जान जैम नदी में डूबने से बचाकर साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

19. मास्टर आर. के. नरजीत सिंह,
उर्फ जपन सिंह
पुत्र श्री आर. के. प्रियोजीत सिंह,
उरीपोक सौरबीन थिंगेल,
इम्फाल-795 001,
मणिपुर ।

दिनांक 10-10-1996 को प्रातः लगभग 8 बजे अपने घर से लगभग 80 फुट दूर एक तालाब के पास खेल रहे थे । उनमें से बड़ा बच्चा मास्टर आर. के. बिस्वजीत सिंह (5 वर्ष 8 माह) तालाब से कुछ रीड इकट्ठे करते हुए तालाब में गिर पड़ा और सहायता के लिए चिल्लाया । यह देखकर उसका छोटा भाई मास्टर आर. के. नरजीत सिंह उर्फ जपन सिंह उसकी सहायता के लिए दौड़ा । जब बड़ा भाई तालाब के किनारे को पकड़े हुए था, मास्टर आर. के. नरजीत सिंह उर्फ जपन सिंह ने उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया ।

2. इतनी कम आयु के होते हुए भी मास्टर नरजीत सिंह उर्फ जपन सिंह ने अपने बड़े भाई की जान तालाब में डूबने से बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

20. श्री नेहसखेमलांग रिनजाह,
पुत्र श्री पी. खरमालांग,
ग्राम स्मित,
ईस्ट खासी हिल्स,
शिलांग जिला,
मेघालय ।

दिनांक 9-8-1996 को अपराह्न लगभग 12.30 बजे जब श्री नेहसखेमलांग अपना टिफिन लेकर स्कूल वापिस लौट रहे थे तब उन्होंने लगभग 3 वर्ष के एक बच्चे को उमियू नदी में बहते हुए देखा । बरसात के मौसम में नदी लगभग 20 फुट चौड़ी और 7 से 8 फुट गहरी होती है । इसका किनारा ऊंचा, ऊबड़-खाबड़ और पथरीला है, क्योंकि यह शिलांग चोटी के पूर्वी ओर से ऊंची पहाड़ी से नीचे की ओर बहती है । पानी का बहाव तेज था और यह बल खाते हुए बह रही थी । वह बच्चा बेहोश था । उस बच्चे को नदी में बहते हुए देखकर, नेहसखेमलांग नदी में कूद पड़े और उफनती नदी के बल खाते हुए बहाव का सामना करते हुए बच्चे की जान बचाने में सफल हो गए । इस घटना को बचाए गए बच्चे की बहिन सहित तीन व्यक्तियों ने देखा । श्री नेहसखेमलांग उमियू नदी के पास रहते हैं । इससे पहले भी श्री नेहसखेमलांग ने तीन बच्चों की जान नदी में डूबने से बचाई थी—जून, 1995 में एक छह वर्षीय लड़के की तथा 1993 में एक छोटी लड़की और दस वर्षीय लड़के की ।

2. श्री नेहसखेमलांग रियनजाह ने अपनी जान को गंभीर खतरे की परवाह न करते हुए एक बच्चे की जान डूबने से बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

21. मास्टर रामनगहिसंगा,
पुत्र श्री छन्दमा,
बुआरपुई,
लुंगलै जिला,
मिजोरम ।

दिनांक 8-12-1995 को श्री छन्दमा और उनका 10 वर्षीय पुत्र मास्टर रामनगहिसंगा जो धान की फसल के मौसम में अपने गांव से बहुत दूर झुम झोंपड़ी में रह रहे थे, अपनी झुम को पास जंगल में गए । अचानक एक बड़े जंगली भालू ने उन पर हमला कर दिया और श्री छन्दमा को पकड़ कर कई जगह काट खाया । यह देखकर मास्टर रामनगहिसंगा ने बिना किसी भय के अपनी दाब से उस भालू पर हमला कर दिया । भालू जख्मी होकर भाग गया । पिता और पुत्र के चिल्लाने की आवाज और भालू की दहाड़ सुनकर पास की झुमों से लोग घटनास्थल पर आ गए । घायल छन्दमा को बुआरपुई प्राईमरी स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां उन्हें 10 टांके लगाए गए और 12 दिन इलाज किया गया तथा पूरी तरह ठीक हो जाने पर 20-12-1995 को उन्हें छुट्टी दी गई ।

2 मास्टर रामनगहिसंगा ने अपने पिता की जान जंगली भालू से बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

22. कुमारी बबीता साहू,
द्वारा श्री धरुआ चरण साहू,
ग्राम मालीपुर,
डाकघर असुरेश्वर,
जिला कटक ।

दिनांक 13-5-1995 को 9.30 बजे सुबह जिला कटक के साकेपुर पुलिस थाने के अंतर्गत मालीपुर ग्राम में भारी वर्षा हुई और तूफान आया । कुमारी बबीता साहू ने दो वर्ष की कुमारी कनी और लगभग 5 वर्षीय कुमारी भागानी साहू नाम की दो लड़कियों को मालीपुर पंचायत के क्षेत्र में नालाब में डूबते हुए देखा । कुमारी बबीता साहू ने भारी वर्षा और तूफान में अपने जीवन की परवाह न करते हुए, डूब रही बच्चियों को चतुराई से बचाया ।

2. कुमारी बबीता साहू ने अपना जीवन खतरे में डालकर दो लड़कियों का जीवन बचाने में उत्कृष्ट साहस, तत्परता और बहादुरी का परिचय दिया ।

23. श्री दिवाकर (मरणोपरान्त)
पुत्र श्री वासुदेव मल्लिक,
ग्राम मानापुर,
डाकघर/थाना कानपुर,
जिला कटक,
उड़ीसा ।

दिनांक 20-4-1993 को प्रातः 9.00 बजे जिला कटक के मानापुर ग्राम में फूस के बने एक घर में अचानक आग लग गई । दो छोटे बच्चे—कुमारी केरी बेहरा (8 वर्ष) और मास्टर कपिला बेहरा (7 वर्ष) जलते हुए घर में फंसे हुए थे । 11वीं कक्षा के विद्यार्थी श्री दिवाकर मल्लिक, जो पास ही रहते थे, जलते हुए घर में घुसे और उनकी जान बचाई । वह कीमती सामान निकालने के लिए पुनः घर में घुसे, तब छप्पर टूटकर उनके ऊपर गिर गया । वह बहुत अधिक जल गए । बाद में अग्नि शमन केन्द्र के कर्मचारियों ने उन्हें मलबे से बाहर निकाला । बाद में श्री दिवाकर मल्लिक की जलने के कारण मृत्यु हो गई ।

2. स्वर्गीय श्री दिवाकर मल्लिक ने जलते हुए घर में फंसे दो बच्चों की जान बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया जब वह अपने पड़ोसी का कीमती सामान निकाल रहे थे, तब दुर्भाग्यवश उनकी मृत्यु हो गई ।

24. कु. गीता दामोर,
पुत्री श्री लक्ष्मण लाल दामोर,
मार्फत श्रीमती दीनू दामोर,
राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय,
धरियावाद,
उदयपुर,
राजस्थान ।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की स्थानीय यूनिट द्वारा दिनांक 24-1-1996 को "बसन्त पंचमी" त्यौहार मनाने

के लिए "बिजासन माता" पर एक पिकनिक पार्टी का आयोजन किया गया। पिकनिक पार्टी की सदस्या, राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, धरीलाबाद की छठी कक्षा की छात्रा कु. मोनिका भिटलिया नदी पार करते समय अनजाने में फिसल गई और नदी में जा गिरी। नदी 466 वर्ग मील क्षेत्र में फैली हुई थी तथा "बिजासन माता" स्थल पर इसकी गहराई 17 फुट से 50 फुट के बीच भिन्न-भिन्न थी। यह देखकर अध्यापिका श्रीमती किरण गिरि गोस्वामी तथा प्रधानाचार्या, श्रीमती राजकुमारी भार्गव बालिका की जान बचाने हेतु नदी में कूद पड़ीं, परन्तु वे स्वयं ही डूबने लगीं। इस कठिन समय पर विद्यालय की एक बालिका कु. गीना दामोर (13 वर्षीय) अपनी स्वयं की जान को गंभीर जोखिम की परवाह किए बगैर नदी में कूद पड़ी तथा एक-एक करके सभी को सुरक्षित बचा लिया। 1996 के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उसके साहसिक कार्य के लिए उसे प्रशंसा प्रमाण-पत्र तथा जिला स्तर का पुरस्कार प्रदान किया गया है।

2. अपनी कम उम्र के बावजूद कु. गीना दामोर ने तीन व्यक्तियों की जान बचाने में असाधारण साहस तथा तत्परता का परिचय दिया।

25. श्री शान्ति लाल,
पुत्र श्री नाथ लाल,
शाहपुरा मोहल्ला,
समीप गिब्सन होस्टल,
ब्यावर, राजस्थान।

24-12-94 को प्रातः 10 बजे जब श्री शान्ति लाल अपनी दुकान पर बैठा था, तब उसने लोगों के चिल्लाने की आवाज सुनी। वह चौराहे की ओर दौड़ा और देखा कि लोग पिन्हीं श्री सुगम लाल के घर के चारों ओर इकट्ठे हो रहे थे। मकान में आग लगी हुई थी तथा मकान की दूसरी मंजिल से काला घना धुआं निकल रहा था। पूछताछ करने पर उसे पता चला कि कोई श्रीमती भांवरी देवी आग में फंसी हुई है। एक गैस सिलिंडर में लीकेज के कारण आग लगी थी। एक महिला की जान को होने वाले खतरे के बारे में सुनकर जब श्री शान्ति लाल सीढ़ियां चढ़कर मकान की दूसरी मंजिल पहुंचा, तब उसने आग की और तीव्रता देखी और महसूस किया कि स्थिति बहुत गंभीर है। उसने तिरपाल का एक टुकड़ा लेकर मकान में प्रवेश किया तथा महिला को सुरक्षित बचा लाया। इस प्रक्रिया में श्री शान्ति लाल गंभीर रूप से जल गए। अपने घावों की परवाह न करते हुए उन्होंने पुनः मकान में प्रवेश किया और गैस सिलिंडर को उठाया तथा उसे मकान से बाहर फेंक दिया। इस प्रक्रिया में उन्हें जलने से घाव आ गए। तत्पश्चात अग्निशमन सेवा कर्मचारियों ने जो उस समय तक घटनास्थल पर पहुंच गए थे, गैस सिलिंडर की आग को बुझा दिया।

2. श्री शान्ति लाल ने अपनी जान की जोखिम की परवाह न करते हुए एक महिला की जान बचाने में साहस व तत्परता का परिचय दिया।

26. श्री विजयपाल सिंह (मरणोपरान्त)
पुत्र श्री रिछपाल सिंह,
ग्रा. व डाकघर धाम्बू,
तहसील एवं पुलिस स्टेशन लक्ष्मणगढ़,
जिला सीकर, राजस्थान।

4-11-1995 को रात्रि के लगभग 9 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 11 पर स्थित लक्ष्मणगढ़ शहर जिला सीकर स्थित एक पैट्रोल पम्प पर चार सशस्त्र डकैतों ने जिनके पास रिवाल्वर तथा चाकू थे, लूटपाट के इरादे से हमला किया। घटना के समय, श्री विजयपाल सिंह, जो पैट्रोल पम्प पर नियुक्त थे, पैट्रोल पम्प पर स्थित केबिन में एक आगन्तुक श्री सांवताराम से बात कर रहे थे। डकैतों ने विजयपाल सिंह से सारी नकदी उन्हें सौंप देने को कहा। ऐसा न करने पर उन्होंने उसे जान से मार डालने की धमकी दी। श्री विजयपाल सिंह निहत्थे थे। तथापि, उसने असाधारण साहस दिखाया और वह चार में से दो डकैतों पर झपट पड़ा। तीसरे डकैत ने श्री सांवताराम पर हमला बोल दिया। श्री विजयपाल सिंह ने उसे बीच में ही रोक दिया तथा श्री सांवताराम को बचा लिया। श्री विजयपाल सिंह ने डकैतों से कड़ी टक्कर ली। इस संघर्ष के दौरान, डकैतों ने विजयपाल सिंह के शरीर पर चाकू से दो गंभीर घाव कर दिए वह जमीन पर गिर गया, परन्तु उसने दो डकैतों पर अपनी पकड़ ढीली नहीं की तथा वे भी उसके साथ गिर पड़े। तथापि चाकू के गंभीर घावों के कारण श्री विजयपाल सिंह की घटनास्थल ही मृत्यु हो गई। इस बीच श्री सांवताराम ने कुछ अन्य लोगों की मदद से, जो उस समय तक घटनास्थल पर पहुँच गए थे, एक डकैत को पकड़ लिया। अन्य तीन डकैत भाग गए। परन्तु बाद में पुलिस द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया।

2. श्री विजयपाल सिंह ने पैट्रोल पम्प को लूटने के प्रयास का विरोध करने तथा साथ-साथ चार में से दो डकैतों के साथ लड़ते हुए एक अन्य व्यक्ति की जान बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया। इस प्रक्रिया में उन्होंने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया।

27. मास्टर टी. मरियप्पन,
पुत्र श्री एस. थंगवेलु,
33/1 ईस्ट कार स्ट्रीट,
नागर कोइल-629 001,
कन्याकुमारी जिला,
तमिलनाडु।

14-5-95 को सेलम के निकट कन्याकुमारी एक्सप्रेस की एक बड़ी दुर्घटना हो गई रेलगाड़ी का वातानुकूलित डिब्बा पटरी से उतर गया तथा एक ओर लुढ़क गया। इसके परिणामस्वरूप, वातानुकूलित डिब्बे में यात्रा करने वाली सवारियां उसके अन्दर फंस गईं। नवीं कक्षा का छात्र मास्टर टी. मरियप्पन (15 वर्ष) अपने परिवार के सदस्यों के साथ उसी रेल में मद्रास से नागरकोइल तक की यात्रा कर रहा था। मास्टर टी. मरियप्पन

ने डिब्बे की खिड़की के शीशे तोड़ दिए तथा गंभीर रूप से घायल 15 व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया ।

2. अपनी कम उम्र के बावजूद मास्टर टी. मरियप्पन ने रेलगाड़ी के पटरी से उतरे डिब्बे में फंसे 15 व्यक्तियों की जान बचाने में साहस तथा तत्परता का परिचय दिया ।

28. मास्टर चन्दन सिंह,
पुत्र श्री भगवान दास,
मैषकर घाट (सर्किट हाउस),
कानपुर कैन्ट, उत्तर प्रदेश ।

10-8-1995 को सांय लगभग 4-5 बजे कुशल तैराक मास्टर चन्दन सिंह वायु भरी ट्यूब की सहायता से गंगा नदी में मैषकर घाट पर तैरने का अभ्यास कर रहा था । उसी समय उसी स्थान पर, जहां मास्टर चन्दन सिंह तैर रहा था, श्री संजय कुमार गुप्ता (आयु लगभग 20 वर्ष) नदी में स्नान कर रहा था । श्री संजय कुमार गुप्ता तैरना नहीं जानता था । अचानक उसका पैर फिसल गया और वह डूबने लगा । पानी की सतह पर मात्र उसके हाथ नजर आ रहे थे । हालांकि घटनास्थल पर अन्य लोग भी उपस्थित थे, परन्तु किसी ने भी उस डूबते हुए व्यक्तियों को बचाने की कोई कोशिश नहीं की । श्री गुप्ता की जान को खतरा भांपकर मा. चन्दन सिंह तैरकर श्री संजय कुमार गुप्ता के पास पहुंचा तथा वायु भरी ट्यूब की सहायता से उसको सुरक्षित बचा लिया ।

2. अपनी जान को जोखिम की परवाह न करते हुए अपने से बड़ी आयु के लड़के की जान बचाने में मा. चन्दन सिंह ने साहस व तत्परता का परिचय दिया ।

29. श्री कौस्तव राय बर्मन,
पुत्र श्री सुदर्शन राय बर्मन,
18, नजरूल सरनी, रानी पार्क,
डाकखाना हटलगाचा रोड, पु. स्टे. बारासात,
जिला उत्तरी 24-परगना,
कलकत्ता-700 079 ।

6 जुलाई, 1995 को प्रातः लगभग 2.30 बजे दो डकैतों ने श्री सुदर्शन राय बर्मन के घर का दरवाजा तोड़ डाला तथा उन पर बन्दूक और अन्य घातक हथियारों से हमला कर दिया तथा उनसे धन तथा अन्य बहुमूल्य वस्तुओं की मांग की । श्री बर्मन ने जो कुछ उनके पास था, उसे सौंपने का वायदा किया । डकैत यह सोचकर नाराज हो गए कि श्री बर्मन ऐसा कहकर अधिक समय ले रहे हैं तथा वे उसे पीटने लग गए । एक डकैत ने अपनी बंदूक श्री बर्मन को शूट करने के लिए उस पर तान दी । यह देखकर श्री सुदर्शन राय बर्मन का पुत्र श्री कौस्तव राय बर्मन (आयु लगभग 12 वर्ष) जो उसी कमरे में मौजूद था तथा चुपचाप इस वारदात को देख रहा था, अपने पिता को निश्चित मौत से बचाने के लिए कूदकर बंदूक के सामने आ गया । उसी समय डकैत ने दो गोलियां चलाई, जिसमें से एक गोली कौस्तव राय की छाती के बांए भाग को चीरती हुई पार कर गई । दूसरी गोली निशाना चूक गई । इसी बीच श्री बर्मन ने पड़ौसी कौस्तव की मां श्रीमती शिखा बर्मन की चीखें तथा गोलियों की आवाज सुनकर उनकी सहायता के लिए दौड़ पड़े । डकैतों को खाली हाथ भागना पड़ा । मास्टर कौस्तव को चिकित्सा सहायता के लिए पहले नजदीकी म्युनिसिपल हस्पताल ले जाया गया तथा बाद में कलकत्ता शहर के मेडिकल कालेज एवं हस्पताल ले जाया गया । कुछ दिन अस्पताल में रहने के बाद वह ठीक हो गया ।

2. अपनी अल्पायु में मास्टर कौस्तव राय बर्मन ने अपनी जान को जोखिम की परवाह न करते हुए अपने पिता की जान बचाने में साहस एवं तत्परता का परिचय दिया ।

30. श्री मुमताज अहमद खान,
ई-22, गफूर नगर,
जामिया नगर,
नई दिल्ली-110 025 ।

3-11-1995 को पी.ए.सी. कार्मिकों को ला रही एक बोट ओखला बराज के समीप यमुना नदी में डूब गई । आठ व्यक्ति तत्काल डूब गए, जबकि एक व्यक्ति डूबने से बचने हेतु हताशपूर्ण प्रयास कर रहा था । यह देखकर, जामिया मिडल स्कूल में अध्यापक श्री मुमताज अहमद खान, जो कि कुशल तैराक और गोताखोर थे, तथा जिन्होंने बहादुरी के अनेक कारनामे किए हुए थे, नदी में कूद पड़े तथा तैरकर पी.ए.सी. कार्मिक के पास पहुंचे तथा उसे सुरक्षित बचा लिया । तत्पश्चात् वे डूबकर मर चुके आठ व्यक्तियों में से सात व्यक्तियों के शव भी बाहर निकाल लाए ।

2. श्री मुमताज अहमद खान ने एक पी.ए.सी. कार्मिक को यमुना में डूबने से बचाने में साहस व तत्परता का परिचय दिया ।

31. श्री अब्दुल कादर पल्लीपुरम,
पल्लीपुरम,
अगाट्टी-682 553,
लक्षद्वीप ।

लक्षद्वीप के समुद्र में बन्दरगाह सुविधाओं के अभाव के कारण विशेषतः दक्षिण-पश्चिम मानसून अवधि के दौरान तेज हवाओं एवं उच्च लहरों के कारण जहाजों से यात्रियों के उतरने-चढ़ने में बहुत कठिनाई होती है । यांत्रिक बोटों का संचालन भी सुरक्षित नहीं है । मानसून अवधि में जब समुद्र तूफानी हो जाता है, तब केवल छोटे कन्ट्री क्राफ्ट ही प्रयोग में लाए जाते हैं । 17-8-96 को रात्रि 2 बजे "एम.वी. भारत सीमा" अगाट्टी द्वीप के पूर्वी किनारे पर पहुंचा और जहाज पर सवार यात्रियों को उतारने/चढ़ाने के काम में 12 देसी जलयान लगे हुए थे । तेज हवाओं के कारण लगून भारी ब्रेकर्स आ गए थे, जिसके परिणामस्वरूप जहाज पर यात्रियों के पोतारोहण के बाद वापिस आते समय लगून के प्रवेश स्थल पर एक कन्ट्री क्राफ्ट डूब गया । बचाव कार्य किए गए तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया । द्वीप के एक गरीब व्यक्ति, श्री अब्दुल कादिर पल्लीपुरम ने जो स्वयं

बचाव कार्य में लगा हुआ था, एक 5 वर्षीय लड़की कु. रूखसाना के.सी. को डूबने से बचा लिया । जहाज के एक यात्री, जिसका नाम अट्टाकोया था और जो लापता था, उसके शव को बाद में निकाल लिया गया । श्री अब्दुल कादर ने 1995 में जब एक नाव अगाट्टी द्वीप के प्रवेश द्वार पर डूब गई थी, एक गूंगे और बहरे लड़के मास्टर मोहम्मद हुसैन लातानक्कल की प्राण रक्षा भी की थी ।

